एक नजर में

## छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन



**इंदौर.** नारी जीवन की प्रेरक कहानियां ध्यान पूर्वक सुनकर प्रतिभावान छात्राओं ने पूछे गये प्रश्नों के त्वरित उत्तर दिये और पुरस्कार स्वरूप पुस्तकें पाईं. विचार प्रवाह साहित्य मंच ने अपने चलो चलें किताबों की ओर अभियान के तहत रजत जयंती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाड़ी अड्डा, जूनी इंदौर में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया. विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार खोटे और वरिष्ठ लेखिका सुषमा दुबे ने छात्राओं को जीवन में शिक्षा, शिक्षक, विद्यालय और पुस्तक का महत्व बताया. स्वागत उद्बोधन देते हुए मंच के अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने अभियान के बारे में जानकारी दी. उप प्राचार्य चंचला बर्वे सहित अनेक शिक्षक, वरिष्ठ लेखिका अमिता मराठे, अरुणा खरगोनकर, कुसुमलता मंडलोई, शोभारानी तिवारी, विनीता तिवारी, अशोक दुबे, आर्या खरगोनकर उपस्थित थे. संचालन आयोजन संयोजक राधिका मंडलोई ने किया. आभार डॉ. पूनम विशाल ने माना. प्रश्नोत्तरी के दौरान त्वरित और सही जवाब देने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिए.

## पौधे रोपित कर धरा का किया श्रृंगार



**इंदौर.** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ उम्मीदों का दीप फाउंडेशन के सदस्यों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत इंदौर, मध्य प्रदेश में सैकड़ों पौधे रोपित किए. इस दौरान नीम, पीपल, बरगद सहित छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए. सदस्यों ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लेते हुए आमजन से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की. फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष बेला गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ संस्था जरूरतमंदों की सहायता, समाज कल्याण और जनहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आह्वान किया. इस अवसर पर डॉ. योगेंद्र व्यास, डॉ. विजय सोहनी, कुलदीप सोनी, निर्मल जैन, वीनित चोर्से, योगेश हिरपाठक, नीरज चेल्लानी एवं हंसा गुप्ता उपस्थित रहे।

## रामामृतम ध्यान साधना का आयोजन



**इंदौर.** एमजी रोड, उच्च न्यायालय के सामने स्थित सिटी सेंटर पर बुधवार को सुबह रामामृतम ध्यान साधना का सार्थक आयोजन किया गया जिसमें परिसर स्थित सभी प्रतिष्ठानों के सहयोगी बंधुओं, संचालकों एवं परिवारजनों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर 7 मिनिट की ध्यान साधना कर स्वयं के लिए आत्मिक शांति, मानसिक संतुलन एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया।इस अवसर पर साधुमार्गी जैन समता संघ के अध्यक्ष पारस बोहरा ने प्रारम्भ में सभी प्रशिक्षकों का स्वागत किया. संघ के मनीष बोहरा ने बताया कि रामामृतम की अमृतधारा में सराबोर होकर सभी साधकों ने पूरी ऊर्जा, उत्साह और आंतरिक प्रसन्नता का अनुभव भी किया और साधना के पश्चात हाथ उठाकर अगले 90 दिनों तक प्रतिदिन यह ध्यान साधना करने और इसे जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प व्यक्त किया. संचालन स्वाति बोहरा ने किया. योजना की भूमिका सहयोगी प्रशिक्षक ऊर्जा मेहता एवं स्वामी बोहरा ने बताई.

## स्वामी भवानीनंदन यती महाराज का आगमन आज



**इंदौर.** यति परंपरा के 900 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक सिद्धपीठ हथियाराम मठ, गाजीपुर प्रदेश के वर्तमान 26वें पीठाधीश्वर एवं भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान ट्रस्ट के प्रमुख संरक्षक एवं अध्यक्ष परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यतीजी महाराज का 16 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद 23 जुलाई को प्रातः 11 बजे इंदौर आगमन हो रहा है. उपरोक्त जानकारी विश्वनाथ धाम, ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कचोलिया एवं मंत्री पंकज मित्तल ने दी. संयोजक हेमंत गोयल एवं पंकज अग्रवाल ने बताया कि विमानतल से सांवेर स्थित विश्वनाथ धाम ले जाया जाएगा. वहां वे ब्रह्मलीन बालकृष्ण महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, उनकी स्मृति में पौधारोपण करेंगे एवं विश्वनाथ धाम गोशाला में गौ-सेवा करेंगे. इसके पश्चात सत्संग, प्रवचन एवं आरती के कार्यक्रम होंगे. तदुपरांत महाराज एबीरोड स्थित मीरा गार्डन पहुंचेंगे, जहां चल रहे सहस्त्रचंडी यज्ञ की पूर्णाहुति में सम्मिलित होकर धर्मप्रेमी जनता को संबोधित करेंगे.

### नगर में आज

**भागवत ज्ञान यज्ञ**

**समय**- 3.30 बजे, **स्थान**- गीता भवन

**नाटक संध्या छाया का मंचन**

**समय- शाम** 7 बजे, **स्थान**- आनंद मोहन माथुर

# कांग्रेस का धरना, दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी हुए शामिल

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. भंवरकुआं स्थित भोला राम उस्ताद मार्ग पर नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जारी छात्र आंदोलन के समर्थन में कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया.**



धरने में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल हुए। नेताओं ने छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए. भंवरकुआं चौराहे पर छात्रों का आंदोलन पिछले 23 दिनों से जारी है. दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई की खबर के बाद इंदौर में भी आंदोलन तेज हो गया है. अब शहर के कई लोग छात्रों के समर्थन में आगे आने लगे हैं. प्रदर्शन स्थल पर लोग चाय, पानी, नाश्ता और भोजन पहुंचा रहे हैं. सूत्रों के अनुसार, कुछ समाजसेवियों से पुलिस ने पूछताछ भी की है. वहीं कोचिंग संस्थानों को छात्रों को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कहा जा रहा है, ताकि आंदोलन के दौरान किसी तरह की कानूनी परेशानी न हो. छात्रों के समर्थन में 23 जुलाई को युवा न्याय पदयात्रा भी निकाली जाएगी. लगातार जारी आंदोलन को अब शहर के विभिन्न वर्गों का समर्थन मिल रहा है.

# होलकर विज्ञान महाविद्यालय में फीस और इंटर्नशिप अनियमितताओं का आरोप

### करणी सेना ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई



**इन्दौर.** श्री राजपूत करणी सेना ने होलकर विज्ञान महाविद्यालय में कथित फर्जी फीस रसीद, फीस चोरी और इंटर्नशिप से जुड़ी अनियमितताओं को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कॉलेज प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए. संगठन ने दावा किया कि मामले से जुड़े दस्तावेज और साक्ष्य संबंधित अधिकारियों को सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक निष्पक्ष और प्रभावी जांच नहीं हुई है. प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह दीक्षित, जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह चौहान और नगर अध्यक्ष नितिन पाल सिंह जादौन ने आरोप लगाया कि शिकायतें उजागर होने के बाद कॉलेज प्रशासन द्वारा शिकायतकर्ताओं और संगठन के कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाया जा रहा है. उनका कहना है कि शिकायत वापस लेने के लिए कथित तौर पर झूठे प्रकरण दर्ज कराने की कोशिश की जा रही है. संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि इंटर्नशिप प्रकरण के मुख्य जिम्मेदार व्यक्ति को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है. करणी सेना ने यह भी आरोप लगाया कि अनियमितताओं का विरोध करने वाले विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं को डराने के उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में प्रतिबंधात्मक रिस्ट्रिक्शन नोटिस लगाए गए हैं. संगठन ने इसे विद्यार्थियों के अधिकारों के विपरीत बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की. संगठन ने मांग की है कि पूरे मामले की किसी स्वतंत्र एजेंसी से समयबद्ध जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई हो, शिकायतकर्ताओं पर कथित दबाव और झूठी एफआईआर दर्ज कराने के प्रयासों की जांच की जाए तथा पूरी

## सात साल की गुम बालिका दो घंटे में मिली सकुशल



**इंदौर.** विजय नगर थाना क्षेत्र से गुम हुई सात वर्षीय बालिका को पुलिस ने दो घंटे के भीतर सकुशल तलाश लिया. परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल तलाश शुरू की. बालिका के गुम होने की सूचना मिलते ही अलग अलग टीमें बनाकर आसपास के क्षेत्र, गलियों और सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई. लगातार तलाश के दौरान बालिका घर से करीब 700 से 800 मीटर दूर नानी के घर की छत पर बने कमरे में सोती हुई मिली. पुलिस ने बालिका को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया. मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

विजय नगर थाना प्रभारी, चंद्रकांत पटेल ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस संवेदनशील है. गुम होने की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई कर बालिका को सकुशल तलाश लिया गया.

# 10 साल बाद विश्वविद्यालय में खुला पदोन्नति का रास्ता

- 10 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को मिला प्रमोशन
- दो अधीक्षक बने अनुविभागीय अधिकारी, आठ सहायक वर्ग-एक अब संभालेंगे अधीक्षक की जिम्मेदारी



**इन्दौर.** लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे विश्वविद्यालय, इन्दौर के नियमित गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए आखिरकार राहत भरी खबर आई है. विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभागीय पदोन्नति समिति डीपीसी की अनुशंसा और कुलगुरु की मंजूरी के बाद 10 कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए हैं. यह कार्रवाई मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू किए गए म.प्र. लोकसेवा पदोन्नति नियम-2025 के तहत की गई है.

जारी आदेश के अनुसार अधीक्षक पद पर कार्यरत सरोज शुक्ला और सत्यप्रकाश कटारे को पदोन्नत कर अनुविभागीय अधिकारी बनाया गया है. वहीं सूरज सिंह चौहान, संतोष लांभाते, नितिन लोनारे, कमलसेन अहिरवार, जगदीश सिंह कुशवाह, प्रकाशचन्द्र सूर्य, महेशचन्द्र गुप्ता और राजेन्द्र सिंह परमार को सहायक वर्ग-एक से अधीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई है. सभी पदोन्नत कर्मचारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नति का लाभ मिलेगा. विश्वविद्यालय प्रशासन ने पदोन्नति आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया मध्यप्रदेश राजपत्र में 19 जून 2025 को प्रकाशित म.प्र. लोकसेवा पदोन्नति नियम-2025 तथा सामान्य प्रशासन विभाग के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी की गई है. आदेश में आरक्षण संबंधी प्रावधानों का पालन किए जाने का भी उल्लेख किया गया है.

### महत्वपूर्ण शर्त भी लागू रहेगी


हालांकि इन पदोन्नतियों पर एक महत्वपूर्ण शर्त भी लागू रहेगी. विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि पदोन्नति से जुड़े मामलों पर सर्वोच्च न्यायालय और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में लंबित याचिकाओं के अंतिम निर्णय के बाद यदि कोई प्रभाव पड़ता है, तो यह आदेश उसी के अनुरूप माना जाएगा. इसके अलावा यदि किसी पदोन्नत कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय जांच, अनुशासनात्मक कार्रवाई या आपराधिक प्रकरण लंबित पाया जाता है, तो संबंधित कर्मचारी की पदोन्नति स्वत: निरस्त मानी जाएगी.

# 208 किलो संदिग्ध घी जब्त, 17 खाद्य नमूने जांच के लिए भेजे

### खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों और स्कूलों की मेस-कैंटीनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बुधवार को कई प्रतिष्ठानों पर सघन जांच की.**



कार्रवाई के दौरान 17 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए गए, जबकि करीब 1.35 लाख रुपये मूल्य का 208 किलोग्राम संदिग्ध घी जब्त किया गया. खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने हिम्मतनगर पालदा स्थित श्रीनाथ एजेंसी से लस्सी और छाछ के नमूने लिए. मेडीकैप्स इंटरनेशनल स्कूल की मेस के निरीक्षण में किचन और स्टोरेज में गंभीर अनियमितताएं मिलीं. अस्वच्छ तरीके से रखी खाद्य सामग्री, अधूरी लेबलिंग, निर्धारित तापमान पर संरक्षित नहीं किए गए फ्रोजन खाद्य पदार्थ और जंग लगे किचन उपकरण मिलने पर संबंधित सामग्री मौके पर ही नष्ट कराई गई.

स्कूल से पनीर, सौंफ, मूंगफली, राजमा और मूंग दाल के नमूने भी लिए गए. मूसाखेड़ी स्थित नानकसर डेयरी फार्म से पनीर, मावा, दही और घी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए. यहां संदिग्ध पाए गए 208 किलो घी को जब्त किया गया. राऊ स्थित श्री भोले कृपा डेयरी से भी दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने लिए गए. अभियान के दौरान फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स के माध्यम से खाद्य पदार्थों की स्पॉट टेस्टिंग कर मिलावट से बचाव और खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया.

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अब मरीजों की सीधी भर्ती शुरू

### कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी सहित चार विभागों के मरीजों को 24 घंटे मिलेगी सुविधा

**इंदौर. एमजीएम मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अब मरीजों को सीधे भर्ती होने की सुविधा शुरू कर दी गई है. पहले एमवाय अस्पताल की ओपीडी और कैजुअल्टी से विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुशंसा के बाद ही मरीजों को यहां रेफर किया जाता था, लेकिन नई व्यवस्था के बाद संबंधित विभागों के मरीज सीधे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती हो सकेंगे.**

अस्पताल में फिलहाल कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी विभाग के मरीजों को यह सुविधा मिलेगी. इसके लिए इमरजेंसी कैजुअल्टी व्यवस्था को मजबूत करते हुए छह सीएमओ की नियुक्ति भी की गई है, जिससे मरीजों को 24 घंटे आपातकालीन भर्ती की सुविधा मिल सकेगी. अब तक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अधिकांश मरीज एमवाय अस्पताल की ओपीडी और कैजुअल्टी से विशेषज्ञों की सलाह के बाद भेजे जाते थे. गंभीर और विशेष परिस्थितियों में ही मरीजों को सीधे भर्ती किया जाता था. नई व्यवस्था से मरीजों को इलाज के लिए रेफरल प्रक्रिया का इंतजार नहीं करना पड़ेगा. अस्पताल प्रबंधन के अनुसार डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया और अधीक्षक डॉ. डी.के. शर्मा के प्रयासों से यह सुविधा शुरू की गई है. इससे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में संचालित विभागों में मरीजों को उपचार के लिए बेहतर और त्वरित सुविधा मिल सकेगी.



### सेवाओं के लिए व्यवस्था मजबूत

अब संबंधित विभागों के मरीजों को सीधे अस्पताल में भर्ती किया जा सकेगा. इमरजेंसी सेवाओं के लिए भी व्यवस्था मजबूत की गई है.

\- डॉ. डी.के. शर्मा, अधीक्षक, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

# धर्म, संयम और अनुशासन का संगम चातुर्मास मंगल प्रवेश जुलूस

### जयकारों और भक्ति के साथ महासती डॉ. कुमुदलता महाराज का चातुर्मास मंगल प्रवेश

**इंदौर. चातुर्मास मंगल प्रवेश जुलूस धर्म, संयम और अनुशासन का संगम होता हैं. यह जुलूस मात्र एक यात्रा नहीं, बल्कि संतों के सानिध्य में 4 महीने के आध्यात्मिक महापर्व (चातुर्मास) के शुभारंभ का प्रतीक है.**

उक्त विचार कुमुद लता जी महाराज ने मंगल प्रवेश पर व्यक्त किए. महासती डॉ. कुमुदलता महाराज आदि ठाणा-4 का दृसंकल्पमय चातुर्मास मंगल प्रवेश जुलूस बुधवार को महावीर भवन, इमली बाजार से प्रातः श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ. हजारों श्रद्धालु जयकारों और महिला मंडलों के साथ जुलूस में शामिल हुए. पूरा मार्ग भक्ति गीतों और चमक रहा भई चमक रहा, जैन दिवाकर चमक रहा के नारों से गुंजायमान रहा. जुलूस महावीर भवन, इमली बाजार से प्रारंभ होकर राजबाड़ा, खजूरी बाजार, गौरा कुण्ड, टोरी कॉर्नर, बड़ा गणपति होते हुए नरसिंह वाटिका, एयरपोर्ट रोड स्थित चातुर्मास स्थल पर पहुंचा. नरसिंह वाटिका पहुंचने पर भव्य धर्म सभा का आयोजन किया गया. सभा में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, समन्दर पटेल, कांति लाल जैन-औरंगाबाद, सुरेश लुणावत - चेन्नई सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे. सभा में श्री रमेश भण्डारी ने स्वागत उद्बोधन दिया. डीपीन जैन ने चातुर्मास की रूपरेखा एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी. अचल चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किए.



### चातुर्मास सफल बनाने का लिया संकल्प

धर्म सभा में श्रद्धालुओं ने धर्म, संयम और तप की महत्ता पर प्रवचन सुने और चातुर्मास को सफल बनाने का संकल्प लिया. इस मंगल प्रवेश को सफल बनाने में महावीर भवन संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा. पांडाल प्रवचन सभागार का निर्माण गजेंद्र बोडाना, अभय झेलावत, राजेंद्र चोरड़िया,अतुल कोठारी, विमल तातेड, ललित संचेती, की टीम ने मुख्य समन्वयक जिनेश्वर जैन के निर्देशन में किया. महासती महाप्रज्ञा महाराज के मंत्रों के उच्चारण के साथ शुरू हुए समारोह में पदम कीर्ति महाराज एवं राजकीर्ति महाराज ने भी साथ विचार साझा किए. संचालन जिनेश्वर जैन ने किया. आभार प्रकाश भटेवरा ने माना.

## गोल्डन गर्ल सपना शर्मा बनीं पेरा पिक्लबॉल संगठन की प्रदेश अध्यक्ष

**इंदौर. मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय है कि अंतरराष्ट्रीय पैरा ताइक्वांडो खिलाड़ी एवं गोल्डन गर्ल सपना शर्मा को पेरा पिक्लबॉल संगठन का मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह घोषणा 19 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित संगठन की प्रथम राष्ट्रीय बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नरेश सचदेवा द्वारा की गई.**



बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने पेरा पिक्लबॉल के विकास, संगठन के विस्तार तथा दिव्यांग खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर उपलब्ध कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए. प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर गोल्डन गर्ल सपना शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य मध्य प्रदेश के अधिक से अधिक दिव्यांग खिलाड़ियों को पेरा पिक्लबॉल से जोड़ना, उन्हें प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है. उन्होंने कहा कि वे पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ प्रदेश में इस खेल के विकास के लिए कार्य करेंगी. उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सचदेवा, संस्थापक एवं सीईओ प्रवीण सिंह सेंगर तथा संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया.

एक नजर में | नेशनल आर्टिस्ट्स चैम्पियनशिप 2026 का समापन, मेकअप, स्किन और नेल आर्टिस्ट्स ने दिखाया हुनर

# प्रतिभागियों ने किया तकनीकी दक्षता और रचनात्मकता का प्रदर्शन

**इंदौर.** फीनिक्स सिटाडेल मॉल में तीन दिनों तक चले नेशनल आर्टिस्ट्स चैम्पियनशिप 2026 का गुरुवार को समापन हुआ. अंतिम दिन मेकअप, स्किन और नेल आर्ट से जुड़ी प्रतियोगिताओं में देशभर से आए प्रतिभागियों ने अपनी तकनीकी दक्षता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया. पूरे दिन प्रतियोगिताओं, इंटरैक्टिव सेशन्स और फैशन शो के जरिए ब्यूटी और वेलनेस इंडस्ट्री के नए ट्रेंड्स देखने को मिले.

चैम्पियनशिप के तीसरे दिन ब्राइडल मेकअप, रेड कार्पेट लुक, रैंप मेकअप, फैंटेसी मेकअप और बॉडी पेंटिंग जैसी विभिन्न कैटेगरी में लाइव प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. देशभर से आए मेकअप आर्टिस्ट्स और स्किन एक्सपर्ट्स ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया, जबकि विशेषज्ञ जजों ने प्रतिभागियों की तकनीक, रचनात्मकता और प्रस्तुति का मूल्यांकन किया. नेल आर्ट के लिए आयोजित नेलथॉन भी आकर्षण का केंद्र रहा. इसमें प्रतिभागियों ने आधुनिक नेल आर्ट डिजाइंस और नई तकनीकों का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के दौरान फिल्म निर्देशक राहुल रवैल ने प्रतिभागियों के साथ विशेष मीट एंड ग्रीट सेशन किया. उन्होंने फिल्म और ग्लैमर इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए अनुशासन, निरंतर सीखने और आत्मविश्वास के महत्व पर ज़ोर दिया. उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में सफलता के लिए केवल प्रतिभा ही नहीं, बल्कि मेहनत, धैर्य और लगातार खुद को बेहतर बनाने की सोच भी जरूरी है. डिज़ाइनर मुमताज खान द्वारा प्रस्तुत अर्थ एलिगेंस- द सस्टेनेबिलिटी ब्यूटी एंड फैशन शोकेस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा. शो में पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबल फैशन की थीम पर आधारित कलेक्शन प्रस्तुत किए गए.



### प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया

नेशनल आर्टिस्ट्स चैम्पियनशिप 2026 की चेयरपर्सन उन्नति सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन में देशभर से आए कलाकारों, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की सक्रिय भागीदारी ने इसे यादगार बना दिया. इस मंच ने उभरते ब्यूटी और हेयर प्रोफेशनल्स को अपनी प्रतिभा दिखाने, नई तकनीकों को सीखने और इंडस्ट्री के विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर दिया।

# नवलखा चौराहा की बदहाल सड़क बनी मुसीबत

### गड्ढे में फंसा तीन पहिया वाहन, चालक होते रहे परेशान

**इंदौर.** शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख यातायात केंद्रों में शामिल नवलखा चौराहा इन दिनों बदहाल सड़क के कारण वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है. गत दिनों यहां पाइपलाइन फूटने के बाद मरम्मत कार्य के लिए सड़क को खोदा गया था. मरम्मत कार्य पूरा होने के बावजूद सड़क को पूर्ववत नहीं बनाया गया, जिससे चौराहे पर बड़े-बड़े गड्ढे और ऊबड़-खाबड़ रास्ता बन गया है. इसका खामियाजा रोजाना हजारों वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है.



नवलखा चौराहा से हर दिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया, ऑटो रिक्शा, मालवाहक वाहन एवं यात्री बसों का आवागमन होता है. सड़क की खराब स्थिति के कारण यहां यातायात प्रभावित हो रहा है. कई बार वाहन असंतुलित होकर दुर्घटना की स्थिति भी निर्मित कर रहे हैं. बुधवार को एक तीन पहिया वाहन गहरे गड्ढे में बुरी तरह फंस गया, जिसके चलते कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा। आसपास मौजूद लोगों की मदद से वाहन को बाहर निकाला गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही है. विशेष रूप से बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है.

### लापरवाही नहीं बरतना चाहिए



वाहन चालक विकास चौहान ने बताया कि उन्हें सड़क की खराब स्थिति का पहले से अंदाजा था, लेकिन पीछे से आ रही एक कार को साइड देने के दौरान उनका वाहन सीधे गड्ढे में उतर गया. यदि समय रहते वाहन को नियंत्रित नहीं किया जाता तो बड़ा हादसा भी हो सकता था. उनका कहना है कि प्रशासन को ऐसी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और मरम्मत के साथ सड़क को सुचारु रूप से दुरुस्त किया जाना चाहिए.